एनआईसी छिंदवाड़ा द्वारा **S3WaaS, NIC Forms** और **TejasVI** के सम्मिलित उपयोग से पातालकोट आजीविका उत्पाद ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का विकास

जिला छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश में 'पातालकोट आजीविका उत्पाद' (PAU) पहल जिला प्रशासन का एक नया प्रयास है, जिसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (SHG) द्वारा निर्मित उत्पादों की बाजार पहुंच का विस्तार करके महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाना है।

"पातालकोट आजीविका उत्पाद" पहल के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, जिला अधिकारियों ने औपचारिक रूप से एनआईसी (NIC) से एक समर्पित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित करने का अनुरोध किया। समय-सीमा को देखते हुए, एनआईसी ने त्वरित तकनीकी सहायता प्रदान की। इसमें ऑर्डर अनुरोधों की कुशल प्राप्ति की सुविधा के लिए मौजूदा NIC प्लेटफॉर्म जैसे S3WaaS, NIC Forms, और TejasVI का उपयोग शामिल है। इस विकास का नेतृत्व एनआईसी छिंदवाड़ा जिला केंद्र में पदस्त श्री राजहंस गोंडाने, जिला सूचना विज्ञान सहयोगी / एसटीए-बी ने किया।

"पातालकोट आजीविका उत्पाद ऑनलाइन प्लेटफॉर्म" का 4 मार्च, 2025 को जिला प्रशासन द्वारा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (MP-SRLM), छिंदवाड़ा के सहयोग से आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया। इस प्लेटफॉर्म को छिंदवाड़ा जिले की आधिकारिक वेबसाइट (chhindwara.nic.in/en/srlm/) में सहजता से सम्मिलित किया गया है, जिससे इसकी व्यापक पहुंच और उपलब्धता का लाभ उठाया जा सके।

यह प्लेटफॉर्म ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के जैविक उत्पाद ऑनलाइन खरीदने में सहायता करता है, जिनमें बाजरे के कुकीज़, महुआ कुकीज़, महुआ लड्डू, प्राकृतिक शहद और हर्बल गुलाल शामिल हैं। ये सभी उत्पाद छिंदवाड़ा जिले के पातालकोट और तामिया क्षेत्रों में स्थित स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जाते हैं। उपयोगकर्ता के अनुकूल अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, द्विभाषी NIC Form बनाया गया हैं। इसके अलावा, एक QR कोड आधारित अनुरोध पंजीकरण सुविधा प्रदान की गई है, जिससे नागरिक आसानी से ऑर्डर कर सकते हैं। एनआईसी द्वारा विकसित TejasVI का उपयोग, प्राप्त ऑर्डर अनुरोधों और प्रगति के आंकड़ों का व्यापक अवलोकन प्रदान करने के लिए किया गया है।

*PAU Online Page* ***(in S3Waas)***




*Ordering Page (in* ***NIC-Forms****)*






| Product Name | Price | Total Qty Ordered | Total Amount Received |
|---|---|---|---|
| Aajeevika Active Washing Powder - Rs. 60 | 60 | 3647 | 218820 |
| Mahua Millet Cookies - Rs. 120 | 120 | 664 | 79680 |
| Millet Cookies - Rs. 120 | 120 | 209 | 25080 |
| Nan Khatai Cookies - Rs. 50 | 50 | 150 | 7500 |
| Nan Khatai Cookies - Rs. 80 | 80 | 147 | 11760 |
| Mahua Cookies - Rs. 120 | 120 | 144 | 17280 |
| Mahua and Dry fruit Laddu - Rs. 130 | 130 | 137 | 17810 |
| Honey 150ml - Rs. 100 | 100 | 126 | 12600 |
| Honey 150ml - Rs. 80 | 80 | 120 | 9600 |

| S.No. | OrderNo | CustomerName | Mobile | ItemOrder | Address | Village | Janpad | District | StateName | OrderDate |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5201 | Sangita Bhalavi | 9399686099 | Mahua and Dry fruit Laddu - Rs. 130 (Qty- 1) | Jhilmil chourai Chhindwara | Jhilmili | Chaurai | CHHINDWARA | MADHYA PRADESH | 2025-07-09 |
| 2 | 5200 | Sangita Bhalavi | 9399686099 | Nan Khatai Cookies - Rs. 80 (Qty- 1) | Jhilmil chourai Chhindwara | Jhilmili | Chaurai | CHHINDWARA | MADHYA PRADESH | 2025-07-09 |
| 3 | 5199 | Rambai yadav | 9630707385 | Honey 150ml - Rs. 100 (Qty- 1) | Charh k piche iklehra | Iklahra | Parasia | CHHINDWARA | MADHYA PRADESH | 2025-07-09 |
| 4 | 5198 | RAVINDRA KHOBRAGADE | 7000960050 | Multigrain atta - Rs. 140 (Qty- 2) | Office of NRLM Behind JANPAD PANCHAYAT, Parasia -440441 | Khirsadoh | Parasia | CHHINDWARA | MADHYA PRADESH | 2025-07-09 |

*Dashboard (in **TejasVI**)*

महुआ के फूलों से कुकीज़ बनाने और उन्हें ऑनलाइन बेचने का स्वयं सहायता समूहों के इस व्यवसाय को व्यापक सराहना मिली है, जिसमें **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी** द्वारा अपने मासिक **"मन की बात" कार्यक्रम** (यूट्यूब लिंक youtube.com/live/Lk17v9ljYh4?t=1680) में इसकी प्रशंसा भी शामिल है।







जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों के बीच इस पहल को तेजी से लोकप्रिय बनाने में NIC के प्रयासों की सराहना की है। प्लेटफॉर्म की प्रभावशीलता 5,750 से अधिक उत्पादों की बिक्री से प्रमाणित होती है, जिससे ₹4,94,000 से अधिक का कारोबार हुआ है।

- **संकलन:** राजहंस गोंडाने, एसटीए-बी और डीआईए, एनआईसी जिला छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश